Regarding sanctioning of a Medical College in Alirajpur-Jhabua District of Ratlam Constituency

श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहान **(रतलाम) :** माननीय सभापति महोदया जी, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

सभापति महोदया जी, मैं रतलाम संसदीय क्षेत्र से पहली बार जीत कर आई हूं । मैं आदिवासी जिले से आती हूं । वहां पर स्वास्थ्य से संबंधित कोई भी अच्छी सुविधाएं नहीं हैं । छोटे-छोटे स्वास्थ्य लाभ के लिए गुजरात जाना पड़ता है । मेरे संसदीय क्षेत्र के अलीराजपुर-झाबुआ जिले में एक मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि आदिवासी जिले को स्वास्थ्य लाभ मिल सके । धन्यवाद ।